UNIVERSITY NEWS 24 MARCH 2026

AMAR UJALA

'मैं नहीं, आप' का मंत्र अपनाने का लिया संकल्प

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से सोमवार को सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुई। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत से शुरुआत कर 'मैं नहीं, आप' के मंत्र को अपनाने का संकल्प लिया। इसके बाद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही रसूलपुर कायस्थ गांव में सर्वे कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। निदेशक डॉ. आरके. सिंह, योग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अशोक सोनकर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि प्रभा जोशी, डॉ. चंद्र शेखर राय उपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

आज भी प्रासंगिक हैं लोहिया के विचार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया शोधपीठ की ओर से सोमवार को लोहिया जयंती पर 'समसामयिक संदर्भ में लोहिया के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त प्रो. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने राष्ट्र सर्वोपरि, स्वदेशी, सामाजिक सौहार्द और महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया। प्रो. राजीव मिश्रा ने आर्थिक विचारों को वर्तमान से जोड़ा। प्रो. ध्रुव त्रिपाठी ने सामाजिक न्याय पर प्रकाश डाला। प्रो. एके. पांडेय व प्रो. राम गणेश यादव ने लोहिया के समाजवाद को व्यावहारिक दृष्टि से समझाया। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी और निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे। संचालन शालिनी राव, प्रो. प्रतिभा राज व उर्वशी नाग ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

राज्य सूचना आयुक्त प्रो. दिलीप अग्निहोत्री

AMRIT VICHAR

लविवि छात्राएं महिला से बातचीत करती हुईं।

एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वितीय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन समारोह से हुआ, जिसमें डॉ. आर. के. सिंह एवं डॉ. अशोक सोनकर ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शशि प्रभा जोशी और डॉ. चंद्र शेखर राय के निर्देशन में शिविर प्रारंभ हुआ। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत के साथ ऊर्जा का संचार किया।

HINDUSTAN

एलयू में एनएसएस का शिविर शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन डीन डॉ. आरके सिंह और डॉ. अशोक सोनकर ने किया। यहां कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि प्रभा जोशी और डॉ. चंद्र शेखर राय की अगुवाई में स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने और एनएसएस के मूल मंत्र मैं नहीं, आप' का पालन करने के लिए प्रेरित किया।